सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 22 अप्रैल, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल टेक्नो फेस्ट एंड हायर एजुकेशन कॉन्क्लेव 'नवधारा' का शुभारंभ किया। इस नेशनल टेक्नो फेस्ट में विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमों द्वारा प्रदर्शित वर्किंग मॉडल्स की जानकारी लेते हुए राज्यपाल ने विद्यार्थियों के नवाचार प्रयोगों की सराहना की। विकसित भारत–2047 पर आधारित विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'नवधारा' में देशभर के छात्र वर्किंग मॉडल्स बनाकर अपनी वैज्ञानिक कुशलता का प्रदर्शन कर रहे हैं।

शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी की क्षमता, कल्पनाशीलता और देशभक्ति की भावना ही विकसित भारत का आधार है। उन्होंने कहा कि टेक्नो फेस्ट 'नवधारा' में छात्रों का उत्साह, तकनीकी और अन्वेषण का बेजोड़ मेल है और यही प्रयास विकसित भारत के सपने को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय महत्व के लिए बेहतरीन उच्च शिक्षा का निर्माण एक महत्वपूर्ण चुनौती है, जिसमें शिक्षा प्रणाली को प्रौद्योगिकी और अनुसंधान से जोड़ने पर बल दिया जाना चाहिए।

राज्यपाल ने युवाओं को प्रौद्योगिकी, एआई के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए अपने सृजनात्मक और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा अब समय आ गया है कि हम अपने देश की प्रगति के लिए इस नई तकनीक और नई सोच को अपनाएं और अपने देश को विश्व गुरु बनाएं। राज्यपाल ने छात्रों को तकनीकी, ए.आई के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया, और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने नवाचार व शोध के माध्यम से समाज में पीछे रहे लोगों के जीवन में बदलाव लाएं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी और यूसर्क, देहरादून की निदेशक डॉ. अनीता रावत भी उपस्थित रहीं। अतुल कोठारी ने कहा कि विकसित भारत बनने का ये अमृतकाल है, जिसमें प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को तेज़ी से अपनाना होगा। 'नवधारा' का आयोजन इसी कड़ी में मील का पत्थर साबित होगा।

वहीं, नवधारा में पैनल डिस्कशन के अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य क्षेत्र के अंतर्गत तकनीकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छात्र अपनी वैज्ञानिक कुशलता का प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, विभिन्न उद्योग भी प्रदर्शनी आयोजित कर रहे हैं। इस अवसर पर देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. डॉ. प्रीति कोठियाल ने राज्यपाल सहित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि जिस प्रकार 'नवधारा' में छात्रों का उत्साह देखने को मिल रहा है उससे विकसित भारत–2047 का सपना पूर्ण होता दिख रहा है। नेशनल टेक्नो फेस्ट में देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी सहित देशभर की लगभग 100 से अधिक टीमें वर्किंग मॉडल्स प्रदर्शित कर रही हैं, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार स्वरुप पांच लाख रुपये की इनामी धनराशि प्रदान की जायेगी।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संजय बंसल और उपकुलाधिपति श्री अमन बंसल, उपकुलपति डॉ. आरके त्रिपाठी, डीएए डॉ. संदीप शर्मा, मुख्य सलाहकार डॉ. एके जायसवाल सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

..........0..........